दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-319 शनिवार 19 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# योगा में अग्रवाल कॉलेज रहा फर्स्ट रनर अप

**बल्लभगढ़, 18 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित हुई दो-दिवसीय योग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जोकि 15 से 16 नवंबर जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता संपन्न हुई अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के योग खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया एवं पदक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। कॉलेज वापसी पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच श्याम आर्य का स्वागत एवं सम्मान किया। अधिक जानकारी देते हुए महाविद्यालय के समर्पण योग क्लब के कन्वीनर डॉ. नेरश कामरा ने बताया कि इस प्रतियोगित में अग्रवाल महाविद्यालय की पुरुष टीम में राजू , अंकित, विष्णु, हितेश, जतिन, हर्ष शामिल रहे एवं महिला टीम में मीरा, लक्ष्मी, शीतल, भावना, अंशिका, मनीषा शामिल रहेकॉलेज महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह ने बताया कि काफी कठिन प्रतियोगिता होने के बावजूद



महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरुष प्रतियोगिता में सेकंड रन अप खिताब हासिल किया एवं महिला वर्ग में फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को अब आगे ऑल इंडिया योगा यूनिवर्सिटी में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी इस उपलब्धि पर डॉ. के.एल कौशिक, योग कोच श्याम आर्य, मोहित, मधु मौजूद रहे।